GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2017

SUBJECT : HINDI CLASS : VII
TIME : 2 HOURS MARKS : 80

भाग – अ

सूचना – १) इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं।
२) भाग 'अ' और भाग 'ब' के उत्तर दी गई उत्तरपुस्तिका में लिखिए।
३) भाग 'स' और 'द' के उत्तर छोडी गई खाली जगहों में लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ जोड़ दीजिए।

विभाग – अ

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – (१०)
१) स्कूल की छुट्टियाँ २) मेरे स्कूल का खेल महोत्सव
३) समय बहुत मूल्यवान है ४) परीक्षा का पहला दिन

प्रश्न २. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)
मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए

अथवा

खोए हुए सामान की सूचना देते हुए अपने नगर के पुलिस अधिक्षक को पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

बनों का मानव-जीवन से बहुत ही गहरा सम्बन्ध रहा है। प्राचीन काल से ही ये बन हम मनुष्यों को भोजन, आवास और वस्त्र देते रहे है। प्राचीन काल में आदि मानव पेडों की छाल और पत्तों से अपना शरीर ढकता था और वृक्षों के फलों को खाकर जीवन व्यतीत करता था। भयंकर जानवरों से रक्षा के लिए वृक्षों पर ही अपना घर बनाकर रहता था। आज भी बन मनुष्य के लिए उतने ही लाभदायक हैं। बहुत से उद्योग-धन्धे तो बनों पर ही निर्भर है, जैसे – फर्नीचर उद्योग, रबड उद्योग, कागज उद्योग, औषधि-उद्योग, दियासलाई-उद्योग आदि। इसके अलावा बनों से ईंधन और गोंद भी प्राप्त होता हैं। बनों से जीवनोपयोगी अनेक वस्तुएँ प्राप्त होती हैं इसीलिए इसे हरा सोना (ग्रीन गोल्ड) कहते हैं।अप्रत्यक्ष रुप से ही बन हमें बहुत लाभ प्रदान करते हैं। बन वर्षा को आकर्षित करते हैं। हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है, और यहाँ समय पर वर्षा होना बहुत आवश्यक है। अत: बन वर्षा को आकर्षित कर हमारा बहुत सहयोग करते हैं। बन बाढ़ को रोकते हैं। भूमि –कटाव को रोकने में भी सहायता करते हैं। वृक्ष मिट्टी को रेगिस्तान बननें से रोकता है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष दोनों ही रुपों में बन हमारे जीवन का आधार हैं।

१) प्राचीन काल से ही मनुष्यों को बन क्या –क्या देते हैं? (२)
२) प्राचीन काल में पेड़ों से मनुष्य अपना जीवन कैसे व्यतीत करता था? (२)
३) कौन से उद्योग वृक्षों पर निर्भर हैं (२)
४) बनों को 'ग्रीन गोल्ड' क्यों कहा जाता हैं? (२)
५) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से बन हमें किस प्रकार लाभ प्रदान करते हैं? (२)

भाग – ब ''ऊँची उड़ान''

प्रश्न ४. अ. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए (५X३ =१५)

१) गिल्लू कौन था? महादेवी जी को वह किस अवस्था में मिला?

२) फाइनल मैंच के उद्‌घाटन के समय राणा का उत्साह और भी बढ़ गया। क्यों? अपने शब्दों में लिखिए।

३) 'समय बहुत ही मूल्यवान है, कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

४) बारह वर्ष की आयु के बाद हमें किन –किन गुणों के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए?

५) दादी के कमरे में पहुँच कर स्वामी ने क्या-क्या सोचा?

बाल रामायण

प्रश्न ५. ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

१) अशोक वाटिका पहुँचकर हनुमान ने क्या-क्या देखा? (३)

२) सुग्रीव ने हनुमान को राम-लक्ष्मण के पास क्यों भेजा? (३)

भाग – स

सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर छोड़ी हुई खाली जगहों में लिखिए

नाम - ______________________ कक्षा – ७ वी अनुक्रमांक : __________

प्रश्न ५. एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (५)

१) मणिलाल के दोनों भाइयों के नाम लिखिए

____

२) 'समय बहुत मूल्यवान है' कविता के कवि का नाम लिखिए,

____

३) गिलहरियों के जीवन की अवधि कितनी होती है ?

____

४) गिल्लू का प्रिय खादय क्या था

____

५) राणा कहाँ की टीम का कप्तान घोषित किया गया ?

____

प्रश्न ६. किसने-किससे कहा- (३)

१) 'सुना है तुम विद्यालय के तेंदुलकर हो''

__________ ने __________

२) तुम जो कुछ कहना चाहती हो, जल्दी से कह दो।''

__________ ने __________

३) मेरे बारे में तुम जरा भी चिंता मत करना

__________ ने __________

प्रश्न ७ शब्दार्थ लिखिए- (४)

१. सहानुभूति __________ २) चेष्टा __________

३जिम्मेदारी __________ ४) कटि __________

५) व्यर्थ __________ ६) कर __________

७)भौंति __________ ८)क्षण __________

प्रश्न ८. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए (४)

रहती थी बापू कटि ________________

____

____

____

____

________________ कभी मत खोना

प्रश्न ९. सही कथन के आगे सही (✓) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइए (२)

१) मैच का उद्घाटन करने के लिए तेंदुलकर आए थे। ( )

२) पोस्टर के नीचे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था – ''राणा हार गया''। ( )

३) गाँधी जी ने जेल से अपनी 'बा' को पत्र लिखा था। ( )

४) 'माँ ने रसोई में दो नीबू रखे थे। ( )

प्रश्न १०. क) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (२)

१) कलंक लगना - ________________

____

२) मन मोहना ________________

____

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (२)

माँ ________________ ________________

सेवक ________________ ________________

ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (२)

शगुन X ________________ संधि X ________________

सुकर्म X ________________ क्रय X ________________

घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (१)

१) जिसके पास धन न हो ————————————

२) पाँच वर्ष के लिए ____________

ड.) विशेषण बनाइए:- (१)

१) अनुभव ____________ २) इतिहास ____________

च) निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए (१)

अतिथी ____________ पोराणिक ____________

छ) निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर रचना के आधार पर उसके भेद लिखिए। (२)

१) राघव आया और मोहन चला गया।

____

२) अध्यापिका के आते ही बच्चे पढ़ने लगे।

____

३) जब उसने पढ़ाई की तब उसे अच्छे नंबर प्राप्त हुए।

____

४) माँ के जाते ही बालक रोने लगा।

____

ज) निम्नलिखित वाक्यों में कारक रेखांकित कीजिए तथा उसके भेद भी लिखिए– (३)

१) राहुल साइकिल से स्कूल जाता है। ____________

२) मैं बच्चों के लिए खाना लाया हूँ। ____________

३) पेड़ से पत्ते गिरते हैं। ____________